

# रघुवीर मंदिर में 108 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

▶ धारण किया यज्ञोपवीत

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 30 मार्च, परम पूज्य संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की पावन तपोस्थली एवं उनके कर कमलों से चित्रकूट के जानकीकुण्ड में स्थापित गुरुकुल श्री राम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मन्दिर ( बड़ी गुफा ) के 108 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी को प्रातः में संपन्न हुआ ।**





इस अवसर पर ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण एवं भिक्षाटन के विधान मंदिर परिसर में आचार्यों के निर्देशन में संपन्न किये गए । यज्ञोपवीत संस्कार के बारे में श्री राम संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के उपरांत ही गुरुकुल के विद्यार्थियों को वेद-शास्त्रों के अध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है एवं प्राचीन वैदिक-सनातन परम्परा में यह ब्रह्मचर्य आश्रम की आवश्यक क्रिया एवं सोलह संस्कारों में से एक है । उपनयन को शास्त्रों में द्विज का दूसरा जन्म भी माना गया है ।इस अवसर श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ.इलेश जैन, श्री सदगुरू शिक्षा समिति की अध्यक्षा उषा जैन, ट्रस्टी डॉ इलेश जैन की धर्म पत्नी मौसम जैन एवं भारत के अलग अलग प्रांतों से आए समस्त गुरु भाई बहन,सभी आचार्यगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं सदगुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे ।



# गैस, डीजल पेट्रोल की किल्लत व विद्युत दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## कोठी प्रशासन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**कोठी 30 मार्च, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा के नेतृत्व में भाजपा सरकार में विद्युत दर वृद्धि, डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की किल्लत के विरोध में कोठी बस स्टैंड परिसर पर धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम कोठी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया ।**

इस दौरान पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला विंग की सचिव प्रभा जित्तू बागरी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नलिनेंद्र मिश्र, डब्बू, किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू, उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता बृजेश गर्ग सोनू ,अरुण सिंह गहरवार, देवराज बागरी, धीरेंद्र सिंह चंदेल ,सतीश पांडे राजा ,जितेंद्र बागरी, कृष्ण भान सिंह ,मनिंदर सिंह ,रिंकू सिंह, पंकज सिंह, विजय राज सिंह ,वाल्मीकि बारी ,अमर गुप्ता ,उमाशंकर पांडे, भोले कुशवाहा ,दीनदयाल कुशवाहा, अतुल सिंह उपस्थित रहे। पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने कहा कि आज जिस प्रकार से आम जनमानस भाजपा सरकार की कुनीतियों की वजह से त्रस्त है और महंगाई की मार झेल रहा है और अपनी निजी जरूरतो की चीजों के लिए लाइन में लगा है जिस प्रकार से उसे आज गैस नहीं मिल रही है डीजल पेट्रोल के लिए परेशान है लाइनों में लगा हुआ है साथ ही विद्युत की तरह बढ़ा दी गई है जो आम जनमानस के साथ धोखा है लोगों के घरों में अब खाना बनाने का भी संकट चल रहा है।

संचालन युवक कांग्रेस कोठी के ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग सिंह दादू ने किया।



# शासन अगर पहले से घोषित लक्ष्य को नहीं बढ़ाया तो होगा आंदोलन : जगदीश सिंह

नवभारत न्यूज

**सतना 30 मार्च, भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह के मुख्य अतिथि व जिला उपाध्यक्ष रामकलेश सिंह के विशिष्ट अतिथि में उचेहरा में सम्पन्न हुई.**

जबकी अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष ने की इस दरमियान प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने सतना में बीते 10 मार्च को किसानों की हुई ऐतिहासिक ट्रेक्टर रैली की सफलता पर ब्लाक इकाई से आंदोलन में पहुंचे किसान भाइयो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि किसानो को जब तक उनका वाजिब हक शासन प्रशासन द्वारा नही दिया जायेगा तब तक इसी तरह अपने हक के लिए किसानआंदोलन की राह पर होगा और अपना वाजिब हक ले के रहेगा ।बता दें कि इस ट्रैक्टर रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान सहित देश और प्रदेश व जिला के पदाधिकारी शामिल हुये थे । उक्त बैठक में शामिल प्रमुख मुद्दों में शासन द्वारा किसानों की उपज का कुल 20 त्न खरीदने की जो पहले ही घोषणा की गई है अगर समय रहते उसका समाधान नही होता तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा इसी तरह विधुत विभाग मे व्याप्त मनमानी और उचेहरा की उप मंडी को पुनः संचालित करने तथा क्षेत्र की नहर और उपनहर में किसानों की जमीन को नहर कम्पनी द्वारा मनमर्जी तरिके से लिये जाने का खुल कर विरोध हुआ । बैठक में नए सदस्य गिरजापुर के रामचरण सिंह और गुढुआ के शिवेंद्र सिंह परिहार ने प्रदेश अध्यक्ष के हाथों सदस्यता ग्रहण किया । बैठक में मुख्यरूप से डी आर सिंह छोटेलाल सिंह रामराज सिंह, गजाधर पाल लाला रजक रामपाल दहायत राजकुमार सिंह श्याम सुंदर सिंह रमेश पयासी रामनिवास कुशवाहा शिवेंद्र सिंह रामायण प्रसाद द्विवेदी महेंद्र सिंह राजकुमार प्रजापति सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे इस मौके पर कई महिला किसान भी मौजूद रही ।

# मेजर आदित्य प्रताप सिंह बघेल सेना मेडल से सम्मानित

## आपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस, पराक्रम और नेतृत्व क्षमता दिखाया

नवभारत न्यूज

**कोठी 30 मार्च, जिला की कोठी तहसील अंतर्गत ग्राम मौहार के वीर सपूत मेजर आदित्य प्रताप सिंह बघेल को भारतीय सेना द्वारा उनके अद्वितीय साहस और वीरता के लिए प्रतिष्ठित सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए पराक्रम के लिए प्रदान किया गया।**



मेजर बघेल ने 18 हजार फीट की बर्फीली ऊंचाइयों पर, अत्यंत विषम परिस्थितियों ,कड़ाके की ठंड, सीमित ऑक्सीजन और दुर्गम भौगोलिक चुनौतियों के बीच भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। उनके नेतृत्व में दल ने मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जो भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

ग्राम मौहार सहित पूरे कोठी क्षेत्र और सतना जिले में इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष और गर्व का माहौल है।

क्षेत्रवासियों ने मेजर बघेल की इस वीरता को नमन करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

विंध्य की इस वीर भूमि ने एक बार फिर देश को ऐसा सपूत दिया है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है।

# कागजों में बनी खेत तालाब मेढ़ बंधान

## राशि आहरित कर सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक किया बंदरबांट

नवभारत न्यूज

**रामनगर 30 मार्च, विकास खण्ड क्षेत्र रामनगर के गोविंदपुर ग्राम पंचायत में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं कागजों तक सीमित रह गई है। योजनाओं के नाम पर सरपंच ,सचिव , रोजगार सहायक अपनी जेब भर रहे हैं।**



गोविंदपुर ग्राम पंचायत में मेढ बंधान की वास्तविक स्थिति।

ग्राम विकास के नाम पर आई राशि आहरित कर बंदरबांट कर रहे हैं। जबाबदार जुम्मेवार तंत्र चैत की गर्मी में एसी की ठंडक पर नींद का आनंद ले रहे हैं। शासन की योजनाएं किसानों तक पहुंचने से पहले दम तोड चुकती हैं। गोविंदपुर ग्राम पंचायत में खेत तालाब मेढ बंधान के नाम पर भारी भरकम भ्रष्टाचार हुआ है। भौतिक स्थिति पर नजर डालें तो सरपंच रमाशंकर चतुर्वेदी, सचिव तथा रोजगार सहायक संदीप द्विवेदी ने कागजों तक ही सीमित रखा है। वास्तविक स्थिति शून्य है।

# सरस्वती शिशु मंदिर अबेर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

नवभारत न्यूज

**कोटर 30 मार्च, सरस्वती शिशु मंदिर अबेर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा.**



कक्षा 5वीं में अवनी सिंह 89%, आर्यन सिंह, अंश प्रताप सिंह/अरुणेंद्र सिंह 87.75% असमी सिंह 84%, क्रांति सिंह 82%,एवं कक्षा 8 वीं प्रिया कुमारी प्रजापति 87% , भारती सिंह 86.83%,अनिल पाल 85.66% , संगीता बुनकर84.5%, कंचन सिंह 83.6% ,लक्ष्मी सिंह पिता दिलीप सिंह 83.5%, शालिनी साकेत,सनम प्रजापति 82%, साची सिंह 80.66%, श्रेया सिंह 80.16% रहा। प्रधानाचार्य श्रीधर सिंह, नत्थू सिंह संकुल प्रमुख,समिति के अध्यक्ष गोकुल सिंह,उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, सचिव अशोक सिंह, सह सचिव मृगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, मथुरा सिंह मार्गदर्शक,समिति के सदस्य,अरुणेंद्र सिंह/ सरिता सिंह पुष्पराज सिंह, श्रीकांत सिंह, रीतू सिंह,हेमराज कुशवाहा,उमेश कुशवाहा, कीर्ति कुशवाहा, कंचन गुप्ता, श्रीमती अन्नू /कमलेंद्र सिंह सरपंच ग्राम पंचायत अंबेर, भैया समीप सिंह ने भैया/बहिन को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# आदर्श उमावि रामपुर का 5 वीं और 8 वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 30 मार्च,नगर परिषद रामपुर बाघेलान में संचालित आदर्श उच्च माध्य विद्यालय रामपुर बघेलान में कक्षा 5 वी में सम्मिलित 34 विद्यार्थियों में सभी विद्यार्थी सफल रहे और परीक्षा परिणाम 100 त्न रहा जिसमें सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।**

कक्षा 8 वी में सम्मिलित 35 विद्यार्थियों में 34 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें सिद्धार्थ सिंह 90, सूचि सेन 88, प्रिंस सिंह 88, शालिनी सिंह 88, आकांक्षा साकेत 87, रवि सिंह 87, प्रशांत चौधरी 87, संजीव पाल 87, शेखर साकेत 86, प्रशांत कोल 86, संध्या कोल 86, आर्यन सिंह 85, रिचा सिंह 85, अनूप सिंह 85, साक्षी चौधरी 82,ओमनी विश्वकर्मा 84, कनक सिंह 84, चांदनी सिंह 84, काजल कोल 82, विनीत गोस्वामी 82, नैतिक कोल 81, अंकुश प्रजापति 81, आशिक कोल 81, रोशनी सोनी 80, हार्दिक त्रिपाठी 80, लक्ष्मी सेन 80, सामी सिंह 80त्न अंकों के साथ सफलता अर्जित कर नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह और शिक्षकों ने कक्षा 5 वी का परीक्षा परिणाम 100 और 8 वी का परीक्षा परिणाम 96 आने पर सभी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लगन और मेहनत के साथ हर कार्य को करने के लिए प्रेरित किया।

# हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर की शोभायात्रा निकली

नवभारत न्यूज

**नागौद 30 मार्च, जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जयंती का पर्व नगर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई।**



शोभायात्रा बड़े जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी कोतवाली, गांधी चौक, लक्ष्मीबाई मार्ग, सिंहपुर चौराहा, बस स्टैंड एवं मुख्य बाजार मार्गों से होते हुए पुनः बड़े जैन मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान महावीर का पूजन-अर्चन किया तथा जयकारों के साथ श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।साथ साथ नगर परिषद, पुलिस प्रशासन एवं अनुविभागीय अधिकारी आदि का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ ।



# जसो में मजिस्ट्रेट जांच, 19 वाहनों का चालान

नवभारत न्यूज

**नागौद 30 मार्च, जसो थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट चेकिंग न्यायिक मजिस्ट्रेट सिमोना सिंह मैडम द्वारा सघन जांच गाड़ियों के पेपर लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की जांच की गई 19 वाहनों का चालान कर 7900 रुपए जुर्माना लगाया गया।**

इस अवसर पर जसो थाना प्रभारी बृजभान सिंह, क्रिमिनल रीडर अभिलाष सोनी, साक्ष्य लेखक कुश शर्मा, सउनि प्रहलाद कुशवाहा , प्रआर. विनोद मिश्रा कोर्ट मोहर्रिर धीरेन्द्र कुशवाहा सहित समस्त न्यायालीन एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।




# सरस्वती विद्यालय के भैया विकल्प ने बोर्ड परीक्षा में जिले में पहला स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

नवभारत न्यूज

**नागौद 30 मार्च, सरस्वती शिशु मन्दिर नागौद के नानाजी देशमुख सभागार में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा श्रीमती संध्या सरन श्रीवास्तव के मुख्यातिथ्य , चंदन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में डॉ. राजन सरन श्रीवास्तव ,डा .सचिन गोयल , अवनीश त्रिपाठी , हरिकिशन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं माँ वीणापाणि की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद पाण्डेय ने कराया। अतिथि स्वागत के पश्चात ई.सी.सी.ई. प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी त्रिपाठी ने प्राथमिक विभाग के परीक्षाफल की घोषणा की तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद पाण्डेय ने माध्यमिक एवं उ.विभाग के परीक्षाफल की घोषणा की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया/बहिनों को आज के अतिथियों द्वारा परीक्षाफल के साथ-साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। आज के विशिष्ट अतिथि महोदय डॉ.सचिन



गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि -''कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती'' इसलिए हम सभी को निरंतर सफलता प्राप्ति हेतु प्रयास करना चाहिए। मुख्य अतिथि श्रीमती संध्या सरन श्रीवास्तव ने कहा कि - ''न गंदगी पसंद है न वंदगी पसंद है, फूल की तरह खिली-खिली हमें तो जिंदगी पसंद है''। अध्यक्ष चंदन अग्रवाल ने कहा कि विद्याभारती केवल शैक्षणिक गुणवत्ता नहीं बल्कि भैया/बहिनों के सर्वांगीण विकास पर विश्वास करती है। इस उद्देश्य की पूर्ति में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसके अतिरिक्त आपने कम अंक प्राप्त करने वालें भैया/बहिनों को प्रेरित किया कि और अधिक प्रयास कर सफलता प्राप्त करें। आपने कक्षा पंचम् में जिले में प्रथम् स्थान प्राप्त भैया विकल्प कुशवाहा एवम् जिले में द्वितीय स्थान बहिन अनन्या सोनी को शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा करेगा महा आंदोलन

▶ भर्ती पश्चात अव्यवहारिक TET परीक्षा रद्द कर प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 30 मार्च, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रान्तीय प्रवक्ता विनय कनौजिया व जिलासंयोजक केशव प्रताप सिंह ने बताया की मध्यप्रदेश के सभी अध्यापक संगठनों की संयुक्त बैठक दिनांक 29 मार्च 2026 को गाँधी भवन भोपाल में आयोजित की गई.**

जिसमें सभी प्रदेश अध्यक्षों की



सहभागिता व समर्थन से प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना व TET परीक्षा निरस्त करवाने सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों का पक्ष रखने हेतु सामुहिक संघर्ष के लिए प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन पर सर्वसम्मति बनी है, जिसमें 8 अप्रैल 2026 को जिला स्तर पर धरना, 11 अप्रैल को ब्लाक स्तर पर धरना एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन, 18 अप्रैल को भोपाल स्तर पर सामुहिक धरना प्रदर्शन पर सहमति बनाई गई। इसमें शामिल संगठन भरत पटेल प्रदेश अध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश, श्रीमती शिल्पी सिवान प्रदेश अध्यक्ष आजाद अध्यापक संघ,मनोहर दूबे प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ,जगदीश यादव प्रदेश अध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ, सहित सैंकडों संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# जल शक्ति से नवभक्ति की ओर अभियान अंतर्गत प्याऊ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना 30 मार्च, आज दिनांक 30 मार्च 2026 को चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चित्रकूट विकासखंड मझगवां जिला सतना के नवांकुर संस्था बद्रीश सेवा संस्थान के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरौंधा द्वारा बरौंधा अस्पताल में निःशुल्क प्याऊ खोला गया।**




कार्यक्रम में संजू मिश्रा द्वारा जल शक्ति से नवभक्ति की ओर अभियान के बारे में जानकारी दी और नर्स रेखा पटेल द्वारा इसकी सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इससे अच्छा कार्य नहीं हो सकता और हॉस्पिटल में इस समय इसकी बहुत आवश्यकता थी कार्यक्रम में मुख्यरूप से नर्स रेखा पटेल, सपना नामदेव जन अभियान परिषद से परामर्शदाता संजू मिश्रा जी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता,ग्राम प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष श्रीमती कमलेश गौतम, और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सरभंग मुनि आश्रम के समीप आशुतोष गौ अभ्यारण के भूमिपूजन पर हुआ भंडारा

## समाजसेवी गुलाब शुक्ला ने टीन शेड बनवाने , बोर कराने का आश्वासन दिया, गायों की सेवा में अतिथियों ने 62000 रू का नगद दान किया

नवभारत न्यूज

**सतना 30 मार्च, आज आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा सरभंग मुनि आश्रम रोड नौगवां बरहा में आशुतोष गौ अभ्यारण मुख्य अतिथि समाज सेवी गुलाब शुक्ला ने किया अध्यक्षता सुसज्जित शुक्ला ने की विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विनीत झा व फक्कड़ बाबा आश्रम के महंत हंसदास जी महाराज रहे ।**





इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने कहा हमें निराश्रित गौवंश की चिंता है उन्होंने कहा किसानों या गौवंश पालकों द्वारा गौवंशों की देखरेख भले की जाती हो लेकिन बावजूद इसके जिले के कई गांव - शहर ऐसे है जहां निराश्रित गौवंश सड़कों पर घूमते रहते हैं और इस कारण ये लोगों के लिए परेशानी का सबब भी बनते हैं और बेसहारा गौवंशों को सड़कों पर नहीं घूमने दिया जाएगा क्योंकि ऐसे गौवंशों की देखभाल की जिम्मेदारी अब गुलाब शुक्ला ने ली है। उन्होंने आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा रखी नींव सराहना किया। उन्होंने कहा की गौ-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। गौशाला का भूमि पूजन गुलाब शुक्ला व सुसज्जित शुक्ला ने किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन और संतों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया । गुलाब शुक्ला ने टीन शेड का निर्माण व बोर कराए जाने का आश्वासन दिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुसज्जित शुक्ला ने गौ अभ्यारण को नगद 51000 रुपए की राशि व विशिष्ट अतिथि विनीत झा ने 11000 नगद राशि समिति को सौंपी। कार्यक्रम में तत्पश्चात संस्थान परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें समस्त श्रद्धालुओं व गौ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर युवा समाजसेवी अंकित गौतम,मुन्ना गुप्ता प्यारेलाल चौरसिया फक्कड़ बाबा आश्रम के संत,हंसानंद जी महाराज,भागवत शुक्ला भोला पयासी प्रकाश पयासी शुभम शुक्ला,देवेंद्र त्रिपाठी,विनय शुक्ला पवन गुप्ता अंकित गौतम बृजेंद्र सिंह दिग्विजय सिंह रमेश प्यासी लवकुश पंकज पांडे दुर्गेश विश्वकर्मा अरुणेंद्र गर्ग पप्पू पांडे मुकेश मिश्रा,प्रेमलाल पांडे,राकेश मिश्रा,प्रकाश मिश्रा,मंटी मिश्रा,क शैली यादव,प्रकाश द्विवेदी, विशाल मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में गौभक्त जन मौजूद रहे।